# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

3rd Term - 2019

**Sub:** Hindi Text | **Class:** 4B | **F.M:** 65

**Duration:** 2 hrs. | **Date:** 23.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो:- (1x5=5)

यातना, निर्भीकता , साँच , उपाय , आश्चर्यचकित

2) खाली जगह भरो :- (1x5=5)

क) सरोजिनी नायडू एक कुशल __________ थीं |

ख) सर वेंकट रमण का निधन ___________ को हुआ था |

ग) लाल बत्ती देखते ही रेलगाड़ी की गति ___________ हो गयी |

घ) आज़ाद को पुलिस जीते - जी ___________ नहीं कर पाई |

ङ) यह तन विष की __________ की तरह है |

3) सही और गलत:- (1x5=5)

क) ईश्वर को सब दुख में याद करते हैं | (          )

ख) भीड़ में दस ग्यारह साल का लड़का था | (          )

ग) चंद्रशेखर आज़ाद एक महान देशभक्त थे | (          )

घ) राष्ट्रपति ने बाल - दिवस पर सुंदरलाल को पुरस्कृत किया | (          )

ङ) वेंकट रमण के पिता एक साधारण हैसियत के आदमी थे | (          )

(खंड ख)

1) प्रश्न उत्तर :-

क) सरोजिनी नायडू को भारत कोकिला क्यों कहा जाता है ? (3)

ख) पेड़ हमें कौन - सा पाठ पढ़ाते हैं ? (3)

ग) मजिस्ट्रेट ने बालक को सजा क्यों दी ? (3)

घ) लोग बुराई कहाँ ढूँढ़ते हैं ?अंत में बुराई कहाँ मिलती है? (3)

2) किसने , किससे कहा? (4)

क) "लाल बत्ती क्यों दिखा रहे हो।"

ख) "आपकी गाड़ी को रोकना जरुरी था।"

ग) "तुम्हारा नाम क्या है ?"

घ) "तुम्हारा घर कहाँ है ?"

3) पाठ के अनुसार वाक्य पुरे करो:- (4)

क) यहाँ तक कि मार खाते - खाते ____________________।

ख) सच को तप और झूठ को ____________________।

ग) चारों ओर गहरा अँधेरा ____________________।

घ) सरोजिनी नायडू की सन् 1902 में ____________________।

(खंड ग)

1) बड़े प्रश्न :-

क) एक दिन सुंदरलाल कहाँ जा रहा था ?बिजली की चमक में उसने क्या देखा ? (5)

ख) कबीर ने गुरु ओर गोविंद में से किसे बड़ा बताया है और क्यों ? (5)

ग) जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बारे में पाँच वाक्य लिखो । (5)

घ) रमण - प्रभाव किसे कहते हैं ? इस खोज में क्या बताया गया है ? (5)

2) निम्न शब्दों से सुंदर वाक्य बनाओ :- (5)

सुमिरन , दुर्घटना , विश्वास , दृढ़ता , बुराई

3) निम्न दोहे को पूरा करके उसका अर्थ अपने शब्दों में लिखो । (5)

गुरु कुम्हार सिष कुंभ है , ____________________।

अंतर हाथ सहार दे , ____________________॥

# St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

## 3rd Term Answers - 2019

**Sub**: Hindi Text | **Class**: 4B | **F.M**: 65
**Duration**: 2 hrs. | **Date**: 23.11.2019

सफाई से काम करो |अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) निम्न शब्दों के अर्थ लिखो:- (1x5=5)

कष्ट , निडर , सच , तरीका , हैरान

2) खाली जगह भरो :- (1x5=5)

क) वक्ता घ) गिरफ़्तार

ख) 21 नवंबर 1970 ड.) बेलरी

ग) धीमी

3) सही और गलत:- (1x5=5)

क) सही घ) गलत

ख) गलत ड.) सही

ग) सही

(खंड ख)

1) प्रश्न उत्तर :-

क) सरोजिनी नायडू बहुत अच्छा गाती थीं |उनकी वाणी में जादू था |उनके गीतों ने देशवासियों को जगाया |उन्हें 'भारत कोकिला ' की उपाधि से विभूषित किया गया (3)

ख) पेड़ हमें सेवा - भाव , परोपकार की भावना और सहनशीलता का पाठ पढ़ाते हैं | वह हमें नई राह दिखाते हैं | (3)

ग) मजिस्ट्रेट ने बालक चंद्रशेखर से जितने प्रश्न पूछे , उसने बड़ी निडरता से उत्तर दिया | बालक की निर्भीकता और दृढ़ता से तिलमिलाकर मजिस्ट्रेट ने बालक को नंगा करके कोड़े मारने की सजा दी | (3)

घ) लोग हमेशा दूसरों में बुराई खोजते हैं |जब उन्हें दूसरों में बुराई नहीं मिलीं, तो अपने अंदर झाँकने पर पता चला कि उनके अंदर ही बहुत सारी बुराईयाँ हैं | (3)

2) किसने , किससे कहा? (4)

क) ड्राइवर और गार्ड ने बालक सुंदरलाल से कहा |

ख) सुंदरलाल ने ड्राइवर और गार्ड से कहा |

ग) मजिस्ट्रेट ने आज़ाद से कहा |

घ) मजिस्ट्रेट ने आज़ाद से कहा |

3) पाठ के अनुसार वाक्य पुरे करो:- (4)

क) यहाँ तक कि मार खाते - खाते वह बेहोश हो गया |

ख) सच को तप और झूठ को पाप कहते हैं |

ग) चारों ओर गहरा अँधेरा छाया हुआ था |

घ) सरोजिनी नायडू की सन् 1902 में गोपाल कृष्ण गोखले से भेंट हुई |

(खंड ग)

1) बड़े प्रश्न :-

क) एक दिन सुंदरलाल अपने पिताजी के लिए खाना लेकर चौकी पर जा जहा था | बिजली की चमक में उसने देखा कि रेलवे लाइन पर एक बहुत बड़ी चट्टान पड़ी हुई है | एक ओर से रेल की पटरी भी उखड़ गई थी | (5)

ख) कबीर ने गुरु और गोविंद में से गुरु को बड़ा बताया है क्योंकि गुरु ही हमें हाथ पकड़कर सही रास्ते पर ले जाता है |गुरु सच्चा ज्ञान देता है तभी हम ईश्वर तक पहुँच सकते हैं |इसलिए हमें हमेशा गुरु का उपकार मानना चाहिए | (5)

ग) जलियाँवाला बाग बैसाखी के दिन 13 अप्रैल , संन् 1919 को हुआ था | इसमें लगभग १५००० लोग मारे गए थे | रास्ता बहुत पतला होने के कारण लोग बाहर नहीं निकल पाए |मरने वालों में बूढ़े - बच्चे और महिलाएँ भी थीं | कई लोग तो कुएँ में कूद गए थे | ये अंग्रेजों द्वारा किया गया सबसे बड़ा हत्याकांड था | (5)

घ) संन् 1928 में रमण ने प्रकाश के विकिरण के संबंध में खोज की , जो बहुत महत्वपूर्ण थी , इसे रमण - प्रभाव कहते हैं |इसमें उन्होंने बताया कि जब एकरंगी प्रकाश की किरण किसी पारदर्शक पदार्थ से गुजरती है तो उसका कुछ भाग रास्ते में फैल जाता है | (5)

2) निम्न शब्दों से सुंदर वाक्य बनाओ :- (5)

सुमिरन - हमें बचपन की यादें सुमिरन रहती हैं |

दुर्घटना - दो गाड़ियों के मिलने से बड़ी दुर्घटना हो गयी |

विश्वास - हमें ईश्वर पर पूरा विश्वास है |

दृढ़ता - अच्छे विचारों में दृढता होनी चाहिए |

बुराई - हमें किसी की बुराई नहीं करनी चाहिए |

3) निम्न दोहे को पूरा करके उसका अर्थ अपने शब्दों में लिखो | (5)

गुरु कुम्हार सिष कुंभ है , गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट |

अंतर हाथ सहार दे , बाहर बाहै चोट ||

यह दोहा 'कबीर के दोहे ' से लिया गया है | इसके कवि ' कबीरदास जी ' हैं |

अर्थ :-

कबीरदास जी ने गुरु को कुम्हार और शिष्य को घड़े के समान बताया है | गुरु कुम्हार की तरह ऊपर से चोट करता है पर अंदर से उसे सहारा दिए रहता है |